भारतीय माता-पिता त्वरित आरंभ गाइड

ख़ान अकेडमी में आपका स्वागत है! ख़ान अकेडमी पर अपने बच्चों के लिए सीखने के लिए माता-पिता सबसे जरूरी कड़ी हैं और इसलिए हम आपकी और आपके बच्चे की सीखने में और आगे बढ़ने में जीतने जल्दी और आसानी से हो सके मदद करना चाहते हैं।

हम जानते हैं कि आप में से कई लोगों के सवाल स्कूल बंद होने के बाद की तैयारी को लेकर हैं। आप अकेले नहीं हैं और हम आपकी सहायता के लिए हैं। हमने Parent FAQ बनाया है जो आपकी दूरस्त शिक्षा में मदद करेगा।

अगर आप शुरू करने के लिए तैयार हैं, तो आप और आपके बच्चे के लिए इस गाइड का प्रयोग कर सकते हैं मगर आपको यह पूरा नहीं पढ़ना होगा। आप 1-4 चरण को 15 मिनट में खत्म कर सकते हैं। आप केवल उन्ही चरणों को देखें जहाँ आपको दिक्कत आ रही है:

चरण 1: माता-पिता खाता बनाए या अपने मौजूदा खाते में लॉगिन करें

चरण 2: अपने माता-पिता डैश्बोर्ड को देखें

चरण 3: अपने बच्चे के मौजूद खाते को जोड़ें या अपने बच्चे का नया खाता बनाएँ

चरण 4: अपने बच्चे को लॉगिन कराएँ

चरण 5: कोर्स मास्टरी के बारे में और जाने और अपने बच्चे को सीखाना शुरू करें और उनकी प्रगति तो ट्रैक करें

वैकल्पिक चरण 6: खाता संभालना और अपने बच्चे को ख़ान अकेडमी से सीखें में मदद करने को लेकर हमारे अतिरिक्त संसाधन पढ़ें।

चरण 1: माता-पिता खाता बनाना

सबसे पहले: अगर आपके पास पहले से नहीं है तो आपक खुद के लिए एक खाता बनाना होगा। ऐसा करने के लिए आपको ख़ान अकेडमी होम पेज पर जाकर और **माता-पिता** बटन पर क्लिक करना होगा।

आपके पास गूगल खाता, फेसबुक खाता या यूजरनेम और पासवर्ड की मदद से साइन उप करने का विकल्प होगा। जो भी आपके लिए आसान हो उसका प्रयोग करें।

top^

मौजूदा खाते में लॉगिन करना

अगर आपके पास ख़ान अकेडमी खाता है (भले ही आप उसे पहले माता-पिता के रूप में नहीं प्रयोग कर रहे हों), आप उसमें ऊपर दाएँ कोने पर मौजूद **लॉगिन** पर क्लिक करके लॉगिन कर सकते हैं:

top^

चरण 2 और 3: अपना डैशबोर्ड देखना और अपने बच्चे का खाता बनाना

एक बार आपने अपना खाता बना लिया या मौजूद खाते मैं लॉगिन कर लिया, उसके बाद आपको माता-पिता डैश्बोर्ड पर ले जाया जाएगा। अगर आपको अपने आप माता-पिता डैश्बोर्ड पर नहीं ले जाया गया तो आप उसे पेज के दाएँ कोने पर ऊपर माउजोड़ अपने नाम पर क्लिक करके उसके बाद ड्रॉप-डाउन मेनू से **माता-पिता डैश्बोर्ड** पर जा सकते हैं।

अगर आप माता-पिता डैश्बोर्ड पहली बार देख रहे हैं तो आपको एक स्वागत संदेश दिखेगा और आपका माता-पिता डैश्बोर्ड खाली होगा। अपने बच्चे से जुडने के लिए, **बच्चे को जोड़ें** बटन पर क्लिक करें।

आपके पास बच्चे को उसके उम्र के अनुसार जोड़ने के लिए कई सारे विकल्प होंगें और उनका पहले से ख़ान अकेडमी खाता है या नहीं।

खान अकेडमी खाते वाले बच्चे को जोड़ना

अगर आपके बच्चे के पास पहले से ही ख़ान अकेडमी खाता है (उदाहरण के लिए, स्कूल में प्रयोग किए जाने वाला खाता), तो आप उस खाते को माता-पिता से जोड़ सकते हैं! इस प्रकार आपके पास उनकी स्कूल में की गई प्रगति का ट्रैक होगा, उनके शिक्षक देख सकेंगे अगर उन्होंने घर पर काम किया है या नहीं और आपको अनेक खातों के साथ काम नहीं करना पड़ेगा।

अपने बच्चे का मौजूदा खाता जोड़ने के लिए माता-पिता डैश्बोर्ड पर **बच्चा जोड़ें** बटन पर क्लिक करें और फिर अपने बच्चे के जन्मदिन वाली फील्ड के नीचे **मेरे बच्चे का पहले से खाता है** पर क्लिक करें।

अपना ख़ान अकेडमी खाता बनाने के लिए प्रयोग किए गए ईमेल को दर्ज करें (अगर आपके बच्चे ने स्कूल में खाता बनाया है, तो वह उनके स्कूल का ईमेल होगा), और **आगे** पर क्लिक करें।

आपको एक संदेश दिखेगा जिसमें निमंत्रण भेजे जाने की पुष्टि की गई होगी और आपको लॉगऊट करके अपने बच्चे को लॉगिन करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा होगा।

जब आपका बच्चा लॉगिन करेगा तो उसे अपने नाम के पास में पेज के दाएँ ओर के ऊपरी कोने पर एक नोटफकैशन दिखेगा:

वे अपने नाम पर क्लिक कारेंगें और फिर **नोटफकैशन** टैब पर, जहाँ उन्हे आपको माता-पिता के रूप में जोड़ने का आग्रह किया गया होगा:

आपका आग्रह मानने के लिए उन्हे **माता-पिता के रूप में माने** बटन पर क्लिक करना होगा और एक पुष्टि वाला संदेश आएगा।

[top^]

13 साल से कम उम्र वाले बच्चों का खाता बनाना

अगर आपका बच्चा 13 से कम उम्र का है, तो उनका प्रतिबंधित खाता होगा और आपको उनका खाता बनाना पड़ेगा और संभालना पड़ेगा।

आपको आपके बच्चे के लिए यूजरनेम और पासवर्ड बनाने के लिए कहा जाएगा, उनकी कक्षा, और उनका लिंग (अगर आप यह जानकारी नहीं साझा करना चाहते हैं तो चलेगा! **नहीं दिया गया है** को चुने) बताना होगा। आप यह अपने बच्चे को अन्य कोच को जोड़ने की अनुमति देने या नहीं देने का निर्णय ले सकते हैं (जैसे की उनके शिक्षाक या अभिभावक)। अगर आप अपने बच्चे की जानकारी भर चुके हैं तो **अगले** पर क्लिक करें।

आपको एक पुष्टि वाला संदेश दिखाई देगा और आप अपने माता-पिता डैश्बोर्ड पर वापस जाकर एक और बच्चे को जोड़ सकते हैं।

top^

13 साल से ज्यादा उम्र वाले बच्चे का खाता बनाना

अगर आपका बच्चा 13 साल से ज्यादा उम्र का है तो वे अपना खाता खुद संभाल सकते हैं। आपके पास उनका खाता बनाने का विकल्प होगा या उन्हे ईमेल भेज सकते हैं जिससे वे खुद अपने माता-पिता से जुड़ा हुआ एक खाता बना सकते हैं।

आपको आपके बच्चे के लिए यूजरनेम और पासवर्ड बनाने के लिए कहा जाएगा, उनकी कक्षा, और उनका लिंग (अगर आप यह जानकारी नहीं साझा करना चाहते हैं तो चलेगा! **नहीं दिया गया है** को चुने) बताना होगा। अगर आप अपने बच्चे की जानकारी भर चुके हैं तो **अगले** पर क्लिक करें।

अगर आप एक ईमेल भेजना चाहेंगे, तो **क्या आपके बच्चे के पास ईमेल है?** उसके पास बने **हाँ** पर क्लिक करें और ईमेल दर्ज करें। आपके बच्चे को एक ईमेल मिलेगा जो कुछ इस प्रकार दिखाई देगा:

वे **खान अकेडमी से जुड़े** पर क्लिक करें और खाता बनाने के लिए निम्न चरणों का पालन करें और आप अपने आप उनसे माता-पिता के रूप में जुड़ जाएँगे।

top^

चरण 4: अपने बच्चे को लॉगिन में मदद करना

अब क्योंकि आप अपने बच्चे के खाते से जुड़े हुए हैं, अगला चरण है अपने बच्चे को उनके खाते में लॉगिन कराना। अगर आप और आपका बच्चा कंप्यूटर एक समय पर प्रयोग कर रहे हैं, तो आपको अपने माता-पिता खाते से लॉगआउट करना होगा और फिर आपके बच्चे के सीखने के समय ख़ान अकेडमी पर लॉगिन करना होगा।

आप किसी भी पेज से ऊपर दाएँ कोने पर मौजूद अपने नाम को क्लिक करके और उसके बाद **लॉग आउट** पर क्लिक करके बाहर आ सकते हैं।

आपका बच्चा उसके बाद आपके द्वारा बनाए गए यूजरनेम और पासवर्ड की मदद से लॉगिन कर सकता है।

top^

चरण 5: कोर्स मास्टरी समझना

ख़ान अकेडमी पर हम व्यक्तिगत, मास्टरी पर आधारित सीखाने पर विश्वास रखते हैं। मास्टरी सीखने का मतलब आपके बच्चे को तब तक एक विषय पर काम करना होगा जब तक वह उसमें मास्टरी हासिल नहीं कर लेता है। आप बता सकते हैं कि आपका बच्चा एक स्किल को मास्टर कर चुका है अगर वह अपनी स्किल का प्रयोग करके एक कार्य को पूरा कर देता है।

हमारे कई सारे कौरसेस मास्टरी पर आधारित हैं – यह रही कुछ कोर्स की लिस्ट जो मास्टरी का प्रयोग करते हैं। आप और आपका बच इन कोर्स को (और किसी भी कोर्स को) पेज के बाएँ कोने पर ऊपर मौजूद **कोर्स** के ड्रॉप डाउन मेनू से ढूँढ सकते हैं।

top^

चरण 5 (चल रहा है): अपने बच्चे का ख़ान अकेमड़ी पर सीखन शुरू करना

अगर आप नहीं समझ पा रहे हैं कि आपके बच्चे को किस कोर्स पर काम करना चाहिए, तो हम सलाह देंगे अगर संभव हो तो आप बच्चे के शिक्षक से बात करें और उनसे समझे की कहाँ से शुरू करना चाहिए। अगर शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं तो बच्चे के गृहकार्य को देखें

और उनसे कक्षा में पढ़ाए जाने वाले विषयों के बारे में पूछें। उन विषयों से मेल खाते हुए संसाधन इंटरनेट पर ढूँढे।.

एक कोर्स को सीखना शुरू करने के लिए, बच्चे को उसे कोर्स के नाम को कोर्स के ड्रॉप डाउन मेनू से क्लिक करना पड़ेगा। उदाहरण के लिए, वे कक्षा 10th के लिए कक्षा 10th के गणित के कोर्स पेज पर ले जाते हैं।

वे अपने पसंद की यूनिट चुन सकते हैं जिससे वे सीखना शुरू करना चाहते हैं। इस उदाहरण में, इन्होंने वास्तविक संख्याएँ चुना है।

अब वे यूनिट पेज पर हैं, वे कोई भी वीडियो, लेख या अभ्यास चुन सकते हैं और उस पर काम कर सकते हैं। इस उद्दाहरण में, इन्होंने यूक्लिड विभाजन एल्गोरिथ्म के यूनिट में मौजूद यूक्लिड विभाजन एल्गोरिथ्म की कल्पना के वीडियो को चलाया है।

[top^](#)

चरण 5 (चल रहा है): अपने बच्चे की प्रगति ट्रैक करना

आप माता-पिता डैश्बोर्ड से ख़ान अकेडमी पर अपने बच्चे की प्रगति को देख सकते हैं। अपने बच्चे की गतिविधि देखने के लिए उसके नाम पर क्लिक करें।

आपको सीधे अपने बच्चे के प्रगति वाले पेज पर ले जाया जाएगा मगर आप बाएँ हाथ वाले मेनू से उनके प्रोफाइल पेज या उनके शिक्षक के पेज पर भी जा सकते हैं।

प्रगति रिपोर्ट आपको उनके गतिविधियों को समय, कंटेन्ट और गतिविधि के प्रकार (जैसे अभ्यास, वीडियो, लेख, क्विज़ इत्यादि) के आधार पर फ़िल्टर करने देता है। आप उनके द्वारा काम किए गए

गतिविधि का नाम देख सकते हैं, उन्हों कब काम किया और कितने देर काम किया यह भी देख सकते हैं।

इसके साथ, अगर गतिविधि में एक स्किल पर अभ्यास किया गया या प्रश्नों का उत्तर दिया गया है, तो आप मास्टरी लेवल देख सकते हैं, अगर गतिविधि के दौरान मास्टरी लेवल में थोड़ा स भी बदलाव होगा (इसका मतलब मास्टरी में लेवल बढ़ना या घटना), और आपने गतिविधि के दौरान कुल सवालों में से कितने सवाल सही किए है।

ध्यान दें कि अगर आपके बच्चे ने हाल ही में गतिविधि पूरी की है तो वह प्रगति रिपोर्ट में उसी समय नहीं दिखाई देगी। उसे दिखने में लगभग 10 मिनट तक लग सकते हैं।

top^

अतिरिक्त संसाधन

हम उम्मीद करते हैं कि यह गाइड आपके लिए ख़ान अकेडमी पर शुरुआत करने के लिए उपयोगी साबित हुआ होगा। यह कुछ अतिरिक्त संसाधन दिए गए हैं जो आपको अपना और अपने बच्चे का खाता चलाने में मदद करेंगे और आपका बच्चा काफी अच्छे से सीख सकेगा।

Managing Accounts

- How can I edit my child's settings?
- How do I reset my child's password?
- How do I delete my child's account?
- How do I add or remove coaches on a child account?
- Changes to your Parent Dashboard in 2020

More Learning Resources for Parents

- How do I access Khan Academy Kids?
- What languages is Khan Academy available in?
- Parent's guide to Official SAT Practice
- How can I use Khan Academy as a homeschooling resource?
- Stories from parents using KA to tutor